बिज़नेस स्टैंडर्ड

नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

PTI / October 10, 2019

अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) लाल भरत कुमार पाल ने मंगलवार को बताया, "पुलिस ने सोमवार को नरैनी रोड में केसीएनआईटी (शिक्षण संस्थान) के पीछे एक निजी नलकूप में छापेमारी कर नकली देशी शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर करीब पांच लाख रुपये कीमत की नकली शराब और रसायन व अन्य उपकरण जब्त किये और इस संबंध में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें दो नकली शराब निर्माता हैं और चार फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर हैं।"

उन्होंने बताया, "नकली शराब की यह फैक्ट्री रमेश यादव नामक व्यक्ति के निजी नलकूप में चल रही थी। रमेश के अलावा एक अन्य व्यक्ति इसमें साझेदार था।"

एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों से नकली शराब की कहां-कहां आपूर्ति की जाती थी, इस बारे में पूछताछ चल रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, "पुलिस या आबकारी विभाग की संलिप्तता के बारे में जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।"

Source: https://hindi.business-standard.com/storypage_hin.php?autono=1712576